पहले हरदोई, उन्नाव व संभल में बनेंगे एक्सप्रेसवे के पास औद्योगिक क्लस्टर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपीडा पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे के किनारे 29 औद्योगिक क्लस्टर विकसित कर रहा है। ये क्लस्टर 5500 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में विकसित होंगे। इनमें से हरदोई, उन्नाव और संभल में भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया है। जल्द इन तीनों जिलों की करीब 400 हेक्टेयर जमीन का आवंटन शुरू किया जाएगा। यहां करीब 500 से ज्यादा इकाइयां विकसित की जाएंगी।

औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने के लिए करीब आठ हजार करोड़ रुपये से प्रदेश के 29 जिलों में 5769 हेक्टेयर भूमि की खरीद की

तीनों जिलों में करीब 400 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण पूरा, आवंटन जल्द

जानी है। मास्टर प्लान उद्यमियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनकी मांग के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे छह कॉरिडोर के लिए 1884 हेक्टेयर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे पांच कॉरिडोर के लिए 1585 हेक्टेयर, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे पांच औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 5328 हेक्टेयर और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे दो औद्योगिक गलियारे विकसित करने के लिए 245 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जा रही है।

प्रदेश के कुल 12 जिलों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है। इस क्रम में हरदोई, उन्नाव और संभल जिलों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन जिलों में क्रमशः 135 हेक्टेयर, 132 हेक्टेयर और 129 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की गई है। यहां विकास हो चुका है और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

40% भूमि वेयर हाउस के लिए आरक्षित होगी

इन क्लस्टरों में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि बड़े उद्योगों और छोटी इकाइयों के साथ एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) उत्पादों का उत्पादन हो सके। यहां 40 प्रतिशत जमीन वेयर हाउस के लिए आरक्षित रहेगी।

- *इन औद्योगिक शहरों में फार्मा पार्क, टेक्सटाइल पार्क, वेयर हाउस, लॉजिस्टिक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, होजरी, फूड प्रोसेसिंग, दुग्ध प्रसंस्करण, दवा, आईटी पार्क, भारी उद्योगों को बसाया जाएगा।*